


# पुण्य आत्माओं के लक्षण

पुण्य आत्माओं का संकल्प अति शीतल स्वरूप है।
पुण्य आत्मा का संकल्प रूहानी चुम्बक है।
पुण्य आत्मा का संकल्प लाइट हाउस है।
पुण्य आत्माओं का संकल्प श्रेष्ठ शस्त्र है।
पुण्य आत्माओं का संकल्प एक स्विच है।

1. पुण्य आत्मा अर्थात् अपने व अन्य आत्माओं के प्रति पुण्य का खाता जमा करने व कराने वाली।
2. पुण्य आत्मा अर्थात् सदा कोई न कोई खजाने का महादान कर पुण्य कमाने वाली।
3. पुण्य आत्मा अर्थात् सदा नयनों में बापदादा की मूर्त, सूरत में बापदादा की सीरत दिखाने वाली।
4. पुण्य आत्मा अर्थात् सदा बाप समान समर्थ स्मृति में रहने वाली।
5. पुण्य आत्मा अर्थात् मुख में सदा ज्ञान रतन अर्थात् अमूल्य बोल बोलने वाली।
6. पुण्य आत्मा अर्थात् हर कर्म में बाप समान चरित्रवान।
7. पुण्य आत्मा अर्थात् सदा बाप समान विश्व कल्याणकारी वृत्ति वाली।
8. पुण्य आत्मा अर्थात् हर सेकेण्ड हर संकल्प के कल्याणकारी।
9. पुण्य आत्मा अर्थात् रहमदिल किरणों से दु:ख अशान्ति के अंधकार को दूर करने वाली।
10. पुण्य आत्मा अर्थात् अपनी पुण्य की पूंजी से अनेक गरीबों को साहूकार बनाने वाली।
11. पुण्य आत्मा अर्थात् अनेक आत्माओं को बाप से सम्बन्ध जोड़ मालामाल बनाने वाली।
12. पुण्य आत्मा अर्थात् आत्माओं को जितना ऊंचा चाहो उतना ऊंचा उठाने वाले।
13. पुण्य आत्मा अर्थात् विकारों की आग में जली हुई आत्मा को शीतल बनाने वाली।
14. पुण्य आत्मा अर्थात् अनेक आत्माओं को रूहानियत की तरफ आकर्षित करने वाली।
15. पुण्य आत्मा अर्थात् अनेक आत्माओं के तकदीर की लकीर खींचने वाली।
16. पुण्य आत्मा अर्थात् पुण्य की पूंजी व शुद्ध संकल्पों से आत्माओं को पदमा-पदमपति बनाने वाली।
17. पुण्य आत्मा अर्थात् वशीकरण महामंत्र द्वारा वशीभूत आत्मा को फायरप्लाई मुआफिक उड़ाने वाली।
18. पुण्य आत्मा अर्थात् लाइट हाउस बन भटकती हुई आत्मा को सही मंजिल दिखाने वाली।
19. पुण्य आत्मा अर्थात् अनेक बन्धनों की परतन्त्र आत्मा को स्वतन्त्र बनाने वाली।
20. पुण्य आत्मा अर्थात् असम्भव को सम्भव करने वाली।

पुण्य आत्मा के एक पुण्य में भी बहुत ताकत है।